| अनुभाग | प्रश्न संदर्भ | प्रश्न-पत्र कौशल प्रकृति | प्रारूप प्रश्न संख्या | प्रश्न प्रकार | भाग | अंक प्रति भाग | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपठित बोध | अपठित गद्यांश | बोधात्मक | 1 | बहुविकल्पीय | 7 | 5,1.5,1.5 | 8 |
| | अपठित काव्यांश | बोधात्मक | 2 | बहुविकल्पीय | 7 | 5,1.5,1.5 | 8 |
| रचनात्मक लेखन | निबंध | रचनात्मक | 3 | निबंधात्मक | 1 | 4 | 4 |
| | पत्र - प्रार्थना पत्र | रचनात्मक | 4 | निबंधात्मक | 1 | 4 | 4 |
| सृजनात्मक लेखन | अभिव्यक्ति और माध्यम | ज्ञानात्मक | 5 | बहुविकल्पीय | 3 | 1 | 3 |
| | | ज्ञानात्मक | 6 | लघुत्तरीय | 1 | 3 | 3 |
| काव्य साहित्यिक बोध | काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या | व्याख्यात्मक | 7 | निबंधात्मक | 1 | 3 | 3 |
| | प्रश्नोत्तर काव्य भाग (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 8 | लघुत्तरीय | 3 | 2 | 6 |
| | कवि परिचय (अंतरा-2) | ज्ञानात्मक | 9 | बहुविकल्पीय | 3 | 1 | 3 |
| | कवि की साहित्यिक विशेषताएँ (अंतरा-2) | समीक्षात्मक | 10 | लघुत्तरीय | 1 | 3 | 3 |
| | काव्य सौंदर्य (अंतरा-2) | विश्लेषणात्मक | 11 | बहुविकल्पीय | 3 | 1 | 3 |
| गद्य साहित्यिक बोध | गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (अंतरा-2) | व्याख्यात्मक | 12 | निबंधात्मक | 2 | 4 | 8 |
| | प्रश्नोत्तर गद्य भाग (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 13 | लघुत्तरीय | 3 | 2 | 6 |
| | गद्यकार परिचय (अंतरा भाग-2) | ज्ञानात्मक | 14 | बहुविकल्पीय | 3 | 1 | 3 |
| | गद्यकार की साहित्यिक विशेषता (अंतरा-2) | समीक्षात्मक | 15 | लघुत्तरीय | 1 | 3 | 3 |
| स्वतंत्र भाषिक अभिव्यक्ति | अनुपूरक पाठ्यपुस्तक अंतराल भाग-2 अभ्यास प्रश्न | स्वतंत्र चिंतन | 16 क | निबंधात्मक | 2 | 3 | 6 |
| | | | 16 ख | निबंधात्मक | 2 | 3 | 6 |
| | | कुल अंक — | | | | | 80 |

Downloaded from cclchapter.com

## प्रश्न वर्गीकरण

| कौशल प्रकृति के आधार पर | | प्रश्न प्रकार के आधार पर | |
|---|---|---|---|
| कौशल | अंक | प्रश्न प्रकार | अंक |
| ज्ञानात्मक | 24 | बहुविकल्पीय | 28 |
| बोधात्मक | 16 | अति लघुत्तरीय | – |
| रचनात्मक | 08 | लघु - उत्तरीय | 21 |
| व्याख्यात्मक | 11 | निबंधात्मक | 31 |
| समीक्षात्मक | 06 | | |
| स्वतंत्र चिंतन | 12 | | |
| विश्लेषणात्मक | 03 | | 80 |
| | 80 | | |

Downloaded from cclchapter.com

कक्षा - बारहवीं

विषय - हिंदी

समयावधि : 3 hours.                    पूर्णांक - 80

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

विशेष निर्देश :-

(i) अपनी उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बांयी ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न-पत्र सीरीज़ अवश्य लिखें।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 1+1+1+1+1+1+½+½ (8)

परिश्रम कल्पवृक्ष है। जीवन की कोई भी अभिलाषा परिश्रम रूपी कल्पवृक्ष से पूर्ण हो सकती है। परिश्रम जीवन का आधार है, उज्ज्वल भविष्य का जनक और सफलता की कुंजी है। सृष्टि के आदि से अद्यतन काल तक विकसित सभ्यता और सर्वत्र उन्नति परिश्रम का परिणाम है। किसी देश, राष्ट्र अथवा जाति को उस देश के भौतिक संसाधन तब तक समृद्ध नहीं बना सकते जब तक कि वहाँ के निवासी उन संसाधनों का दोहन करने के लिए अथक परिश्रम नहीं करते। परिश्रम से रेगिस्तान भी अन्न उगलने लगते हैं हमारे देश की स्वतंत्रता के पश्चात हमारी प्रगति की द्रुतगति भी हमारे श्रम का ही फल है। भाखड़ा-नंगल का विशाल बाँध हो या श्री हरिकोटा का रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र, हरित क्रांति की सफलता हो

Downloaded from cclchapter.com

या कोविड 19 की रोकथाम के लिए टीका तैयार करना, प्रत्येक सफलता हमारे श्रम का परिणाम है तथा प्रमाण भी है।

(i) परिश्रम को किसके समान बताया गया है?
(अ) तरू (ब) कल्पवृक्ष
(स) पेड़ (द) इनमें से कोई नहीं।

(ii) जीवन की अभिलाषा कैसे पूर्ण होती है?
(अ) परिश्रम रूपी कल्पवृक्ष से
(ब) इच्छाओं का दमन करने से
(स) भौतिक संसाधनों से
(द) ज्ञान प्राप्त करने से

(iii) किसी देश अथवा राष्ट्र के भौतिक संसाधन समृद्ध कब होते हैं?
(अ) कष्ट सहन करने से
(ब) ज्ञान प्राप्त करने से
(स) भौतिक संसाधनों का दोहन करने से
(द) इच्छाओं का दमन करने से

(iv) भारत के परिश्रम के प्रमाण क्या-क्या बताए गए हैं?
(अ) भाखड़ा-नंगल बाँध, रॉकेट प्रक्षेपण केंद्र, कोविड 19 की रोकथाम का टीका तैयार करना
(ब) रेगिस्तान, हवाई-पट्टियों का निर्माण
(स) वृक्षारोपण, पर्यावरण और सड़क-सुरक्षा
(द) इनमें से कोई नहीं

(v) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक है —
(अ) परिश्रम और स्वतंत्रता
(ब) परिश्रम सफल जीवन का आधार
(स) परिश्रम और कल्पना
(द) परिश्रम कल्पना की उड़ान

Downloaded from cclchapter.com

(vi) परिश्रम क्या है ?

(vii) ~~देश~~ कोई भी देश अथवा राष्ट्र समृद्ध कब बनता है ?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर, नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1+1+1+1+1+1+1+1 (8)

अरे ! तुम क्यों इतने हुए अधीर ?
हार बैठे जीवन का दाँव
जीतते जिसको मरकर वीर
तप नहीं केवल जीवन सत्य
करुण यह क्षणिक ही अवसाद
तरल आकांक्षा से है भरा
सो रहा आशा का आह्लाद ।

(i) कवि के अनुसार वीर पुरुष क्या हार बैठा है ?
(अ) हिम्मत (ब) स्वाभिमान
(स) जीवन का दांव (द) धन

(ii) वीर पुरुष जीवन दांव कैसे जीत सकता है ?
(अ) जान दाँव पर लगाकर (ब) आक्रमण करके
(स) भीख माँगकर (द) विनम्र प्रार्थना से

(iii) वीर पुरुष के जीवन में कौन सो रहा है ?
(अ) निराशा (ब) आशा का आह्लाद
(स) विश्वास (द) पश्चाताप

(iv) 'आशा' का सही विलोम शब्द लिखिए ?
(अ) निराशा (ब) पश्चाताप
(स) प्रसन्न (द) इनमें से कोई नहीं

(v) प्रस्तुत पद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?
(अ) निराशा मृत्यु है (ब) वीर क्यों हो अधीर
(स) नर हो न निराश करो मन को
(द) वीरों का आचरण

Downloaded from cclchapter.com

(vi) मनुष्य को किस तरह का जीवन जीना चाहिए?

(vii) प्रस्तुत पद्यांश में किसका आह्वान किया गया है और क्यों?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखें :-

(i) जीवन में खेलों का महत्त्व
(ii) मेरे जीवन का उद्देश्य
(iii) स्वदेश प्रेम
(iv) मेरा प्यारा हिमाचल
(v) पर्यावरण समस्या एवम् समाधान (4)

4. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय चरित्र प्रमाण-पत्र लेने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

मित्र अथवा सखी को जीवन में शिक्षा का (4) महत्त्व बताते हुए पत्र लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनें :- 1+1+1 = (3)

(i) पत्रकारीय लेखन के अंतर्गत क्या-2 आते हैं?
(अ) संपादकीय (ब) समाचार
(स) आलेख (द) उपरोक्त सभी

(ii) विशेष रिपोर्ट की भाषा कैसी होनी चाहिए?
(अ) सरल (ब) सहज
(स) आम बोलचाल (द) उपरोक्त सभी

(iii) समाचार पत्र समाज में क्या दायित्व निभाते हैं?
(अ) पाठकों को सूचना देना
(ब) जागरूक और शिक्षित बनाना
(स) मनोरंजन करना
(द) उपरोक्त सभी

Downloaded from cclchapter.com

6. विभिन्न जनसंचार माध्यमों में इंटरनेट की क्या भूमिका है ? (3)

अथवा

कविता के महत्त्वपूर्ण घटक कौन-कौन से हैं?

7. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :- (3)

तुमने कभी देखा है
खाली कटोरों में वसंत का उतरना !
यह शहर इसी तरह खुलता है
इसी तरह भरता
और खाली होता है यह शहर
इसी तरह रोज़ - रोज़ एक अनंत शव
ले जाते हैं कंधे
अँधेरी गली से
चमकती हुई गंगा की तरफ़

अथवा

सिंधु तर्यो उनको बनरा तुम पै धनुरेख गई न तरी।
बाँधोई बाँधत सो न बन्यो उन बारिधि बाँधिकै बाटकरी।।
श्री रघुनाथ - प्रताप की बात तुम्हैं दसकंठ न जानि परी।
तेलनि तूलनि पूँछि जरी न जरी, [illegible] जरी लंक जराइ-जरी।।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2+2+2 = (6)

(i) 'उड़ते खग' और 'बरसाती आँखों के बादल' में क्या विशेष अर्थ व्यंजित होता है ?

(ii) कविता में पंचवटी के किन गुणों का उल्लेख किया गया है ?

(iii) वृक्षों से पत्तियाँ तथा वनों से डाँखें किस माह में गिरते हैं? इससे विरहिणी का क्या संबंध है ?

(iv) कविता में बार - बार प्रयुक्त 'हम' कौन है और उसकी चिंता क्या है ?

(v) 'यह मधु है .... तकता निर्भय' — पंक्तियों के आधार पर बताइए कि 'मधु', 'गोरस' और 'अंकुर' की क्या विशेषता है ?

Downloaded from cclchapter.com

(vi) कातर दृष्टि से चारों तरफ प्रियतम को ढूँढने की मनोदशा को कवि ने किन शब्दों में व्यक्त किया है?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनें :- 1+1+1=(3)

(i) विद्यापति का जन्म कब व कहाँ हुआ?
(अ) सन् 1380 में मधुबनी (बिहार) में
(ब) सन 1555 में बेतवा नदी के तट पर
(स) सन् 1532 में बाँदा ज़िले के राजापुर गाँव में
(द) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'कीर्तिलता' और 'कीर्तिपताका' किस कवि की रचनाएँ हैं?
(अ) केशवदास (ब) तुलसीदास
(स) विद्यापति (द) घनानंद

(iii) शृंगारी एवं भक्ति परम्परा के प्रमुख स्तम्भ कवि विद्यापति किस राजा के राजकवि, अभिन्नमित्र एवं सलाहकार थे?
(अ) पृथ्वीराज चौहान (ब) राजा शिवसिंह
(स) चंद्रगुप्त (द) हर्षवर्धन

10. निम्नलिखित में से किसी एक कवि की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए: (3)
(i) जयशंकर प्रसाद
(ii) मलिक मुहम्मद जायसी

11. 'चलती सड़क के किनारे लाल बजरी पर चुरमुराए
पाँव तले
ऊँचे तरुवर से गिरे
बड़े-बड़े पियराए पत्ते

(i) उपरोक्त पंक्तियों में 'बड़े-बड़े पियराए पत्ते' में कौन-सा अलंकार है?
(अ) उपमा अलंकार (ब) यमक अलंकार
(स) अनुप्रास अलंकार (द) रूपक अलंकार

(ii) ~~'तरुवर'~~ उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं?
(अ) सत्य (ब) बसंत आया
(स) एक कम (द) कार्नेलिया का गीत

(iii) कवि ने किस ऋतु का वर्णन इस कविता में किया है?
(अ) शीत ऋतु (ब) वर्षा ऋतु
(स) पतझड़ ऋतु (द) बसंत ऋतु

Downloaded from cclchapter.com 1+1+1=(3)

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:- 4+4 = (8)

(i) संवदिया डटकर खाता है और 'अफर' कर सोता है, किंतु हरगोबिन को नींद नहीं आ रही है।

.... यह उसने क्या किया? क्या कर दिया? वह किसलिए आया था? वह झूठ क्यों बोला? ..... नहीं, 'मायजी, आपकी इकलौती' नहीं, सुबह उठते ही वह बूढ़ी माता को बड़ी बहुरिया का सही संवाद सुना देगा — अक्षर - अक्षर, 'मायजी, आपकी इकलौती बेटी बहुत कष्ट में है। आज ही किसी को भेजकर बुलवा लीजिए। नहीं तो वह सचमुच कुछ कर बैठेगी। आखिर, वह किसके लिए वह इतना सहेगी! ....

(ii) इस गिरिकूट - बिहारी का नाम क्या है? मन दूर - दूर तक उड़ रहा है — देश में और काल में — मनोरथानामगतिर्न विद्यते! अचानक याद आया — अरे, यह तो कुटज है! संस्कृत साहित्य का बहुत परिचित किंतु कवियों द्वारा अवमानित, यह छोटा-सा शानदार वृक्ष 'कुटज' है। 'कूटज' कहा गया होता तो कदाचित ज़्यादा अच्छा होता। पर नाम इसका चाहे कुटज ही हो, विरुद तो निःसंदेह 'कूटज' होगा। गिरिकूट पर उत्पन्न होने वाले इस वृक्ष को 'कूटज' कहने में विशेष आनंद मिलता है।

(iii) मेरे पिताजी फ़ारसी के अच्छे ज्ञाता और पुरानी हिंदी कविता के बड़े प्रेमी थे। फ़ारसी कवियों की उक्तियों को हिंदी कवियों की उक्तियों के साथ मिलाने में उन्हें बड़ा आनंद आता था। वे रात को प्रायः रामचरितमानस और रामचंद्रिका, घर के सब लोगों को एकत्र करके बड़े चित्ताकर्षक ढंग से पढ़ा करते थे। आधुनिक हिंदी- साहित्य में भारतेंदु जी के नाटक उन्हें बहुत प्रिय थे। उन्हें भी वे कभी- - कभी सुनाया करते थे।

Downloaded from cclchapter.com

13. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 2+2+2 = (6)

(i) कुटज के जीवन से हमें क्या सीख मिलती है ?

(ii) साहित्यकार के लिए स्रष्टा और द्रष्टा होना क्यों और कैसे अनिवार्य है ?

(iii) लेखक के अनुसार स्वातंत्र्योत्तर भारत की सबसे बड़ी 'ट्रैजेडी' क्या है ?

(iv) कहानी में लेखक ने शेर को किस बात का प्रतीक बताया है ?

(v) काश्मीर के लोगों ने नेहरू जी का स्वागत किस प्रकार किया ?

(vi) घड़ीसाज़ी का इम्तहान पास करने से लेखक का क्या तात्पर्य है ?

14. निम्नलिखित में से उचित विकल्प चुनें :- 1+1+1 = (3)

(i) रामचंद्र शुक्ल का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(अ) सन् 1884 में उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के अगौना गाँव में

(ब) सन् 1883 में पुरानी बस्ती जयपुर में

(स) सन् 1915 में रावलपिंडी पाकिस्तान में

(द) इनमें से कोई नहीं

(ii) 'गाँधी, नेहरू और यास्सेर अराफ़ात' संस्मरण किस लेखक द्वारा रचित है ?

(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) भीष्म साहनी

(स) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी (द) ममता कालिया

(iii) 'अशोक के फूल', 'कल्पलता' और 'आलोकपर्व' निबंध के रचयिता कौन हैं ?

(अ) राम विलास शर्मा (ब) ब्रज मोहन व्यास

(स) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी (द) असग़र वजाहत

Downloaded from cclchapter.com

15. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यकार की संक्षिप्त साहित्यिक विशेषताएँ लिखिए: (3)

(क) रामचंद्र शुक्ल

(ख) फणीश्वर नाथ 'रेणु'

(ग) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी

16(क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए

(क) सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था?

(ख) 'हमारी आज की सभ्यता इन नदियों को अपने गंदे पानी के नाले बना रही है।' क्यों और कैसे?

(ग) शैला और भूप ने किस प्रकार मिलकर पहाड़ पर अपनी मेहनत से नयी ज़िंदगी की कहानी लिखी

3+3=(6)

(ख)

(i) इस (आरोहण) कहानी को पढ़कर आपके मन में पहाड़ों पर स्त्री की स्थिति की क्या छवि बनती है? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

अथवा

"यह फूस की राख न थी, उसकी अभिलाषाओं की राख थी" संदर्भ सहित विवेचन कीजिए।

(ii) ~~ऊष्म~~ गर्मी और लू से बचने के उपायों का विवरण दीजिए। क्या आप भी इन उपायों से परिचित ~~सहमत~~ हैं?

अथवा

मालवा में विक्रमादित्य और भोज और मुंज रिनेसां से बहुत पहले हो गए। पानी के रखरखाव के लिए उन्होंने क्या प्रबंध किए?

3+3=(6)

—×—

Downloaded from cclchapter.com